

दिलीप गावित

400 मीटर टी46 वर्ग में जीता स्वर्ण पदक

भाजन

गोरखपुरी पत्रकारिता का १०७ वर्ष

रश्मिका मंदाना

को 'बिकिनी' से परहेज



पटना, शुक्रवार, २३ अक्तूबर, २०२६ सौर ५ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ★★ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

एसटीईटी 25 से, चार की परीक्षा 21 को

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीईटी) 25 अक्तूबर से होगी।

निर्धारित शिड्यूल के मुताबिक यह परीक्षा 20 नवंबर तक है। लेकिन, चार नवंबर को केंद्रीय विद्यालय संगठन एवं नवोदय विद्यालय समिति की परीक्षा आयोजित होने के कारण उस दिन की परीक्षा 21 नवंबर को पुनर्निर्धारित की गयी है। 21 नवंबर की परीक्षा हेतु अलग से संशोधित एडमिट कार्ड 24 अक्तूबर को जारी किया जायेगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने संबंधित अभ्यर्थियों से कहा है कि उक्त तिथि को निर्धारित वेबसाइट से अपना संशोधित एडमिट कार्ड डाउनलोड करेंगे। अन्य तिथियों को आयोजित होने वाली परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित होगी। आपको याद दिला दूं कि

(शेष पृष्ठ ९ पर)

स्नातक-40 व शिक्षक-13 उम्मीदवारों की किस्मत का आज होगा फैसला

पटना (आससे)। बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 23 अक्टूबर को मतदान होगा। चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान से पहले प्रचार थम चुका है, लेकिन उम्मीदवार अपनी-अपनी जीत का दावा करते हुए अंतिम दौर में जनसंपर्क अभियान में जुटे रहे। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 40 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से 13 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 1,35,977 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर उम्मीदवारों के भविष्य का फैसला करेंगे।



1.35 लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान

दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 40 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनके भाग्य का फैसला दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी और बेगूसराय जिलों के कुल 1,26,951 मतदाता करेंगे। इनमें पुरुष, महिला और थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। जिलेवार आंकड़ों के अनुसार, दरभंगा में 24,694 पुरुष और 9,307 महिला मतदाता हैं। समस्तीपुर में 24,557 पुरुष, 9,868 महिला और चार थर्ड जेंडर मतदाता पंजीकृत हैं।

(शेष पृष्ठ ९ पर)

दरभंगा जिले में निषेधाज्ञा लागू

मतदान को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी कौशल कुमार ने आदेश जारी किया है। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूरे दरभंगा जिले में निषेधाज्ञा

(शेष पृष्ठ ९ पर)

भ्रामक खबरों पर तुरंत होगी कारवाई : सीएम सम्राट

जनसंपर्क विभाग की बैठक में क्विक रिस्पॉन्स टीम को दिया निर्देश

पटना (आससे)। पटना में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी पहलों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।



बैठक में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सचिव नवीन कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग के कार्यों की अद्यतन जानकारी दी। उन्होंने विभाग की प्राथमिकताओं, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे कार्यों तथा इसके लिए उपलब्ध माध्यमों और व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सरकार और जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। विभाग यह सुनिश्चित करे कि जनहित से जुड़ी सूचनाएं समय पर लोगों तक पहुंचें और उनकी समस्याओं के

(शेष पृष्ठ ९ पर)

अमित शाह को जन्मदिन पर मोदी समेत कई नेताओं ने दी बधाई



नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जन्मदिन है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी प्रशासनिक समझ ने भारत की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बना दिया है। बता दें कि शाह, 2019 से देश के गृह मंत्री हैं। वे गुरुवार को 62 वर्ष के हो गए। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गृह मंत्री अमित शाह

(शेष पृष्ठ ९ पर)

'भारत-पोलैंड की दोस्ती को नयी उड़ान'

मोदी बोले- साझा विरासत हमारी ताकत

नयी दिल्ली (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत दौरे पर आये पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क का स्वागत करते हुए कहा कि भारत और पोलैंड की साझेदारी ने पिछले दो वर्षों में नई



गति पकड़ी है. दोनों देशों ने रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई है. पीएम मोदी ने पोलैंड की कंपनियों को भारत के साथ इन क्षेत्रों में संयुक्त विकास और उत्पादन करने के लिए आमंत्रित किया. उन्होंने कहा कि भारत और पोलैंड के संबंध केवल कूटनीतिक साझेदारी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मानवता और संवेदना की साझा विरासत पर भी आधारित हैं.

गौरलतब है कि पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क इन दिनों भारत के दौरे पर हैं. दिल्ली में प्रधानमंत्री

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें

website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com

नि:शुल्क ई-पेपर सब्सक्राइब करें

पटना साहिब में 360वें प्रकाश पर्व की तैयारियां तेज

पटना (आससे)। सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज जी के 360वें प्रकाश पर्व को भव्य तरीके से मनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। 13, 14 और 15 जनवरी 2027 को आयोजित होने वाले इस धार्मिक आयोजन को लेकर बुधवार को तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और जिला प्रशासन के अधिकारियों के बीच उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं, प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री को भी आमंत्रित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री को भेजा जायेगा निमंत्रण

प्रकाश पर्व की तैयारियों को लेकर आयोजित इस बैठक में मुख्य सचिव, डीजीपी प्रीति वर्मा, जिलाधिकारी, एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा, आईजी जितेंद्र राणा, पूर्वी एसपी और पटना सिटी

(शेष पृष्ठ ९ पर)

आंध्र प्रदेश में 100 नगर निकायों में चुनाव प्रक्रिया पर रोक

नयी दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश राज्य चुनाव आयोग ने राज्य के सभी 100 शहरी स्थानीय निकायों में चल रही चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश के बाद उठाया गया है, जिसमें कोर्ट ने उन उम्मीदवारों के लिए नामांकन की समय-सीमा बढ़ाने पर विचार करने को कहा था, जो कानून-व्यवस्था की समस्याओं के कारण अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं कर पाए थे।

बुधवार देर शाम जारी एक आधिकारिक आदेश में, आयोग ने कहा कि यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के 21 अक्टूबर के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। चुनाव आयोग, जिला कलेक्टरों, जिला चुनाव

(शेष पृष्ठ ९ पर)

अगले 30 साल तक कांग्रेस की सरकार नहीं बनेगी : शाह

नयी दिल्ली (एजेंसी)। वोट चोरी के आरोपों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पलटवार किया है और कहा कि राहुल गांधी सपने देख रहे हैं। कुछ भी आरोप लगा लें राहुल गांधी की दाल नहीं गलने वाली है। आपका अगले 30 साल तक नंबर नहीं आएगा। बता दें कि शाह ने यमुना नदी की सफाई के लिए आज 8,941 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा।

जहां जीतते वहां चुनाव आयोग अच्छा, हारने पर राहुल उठाते हैं सवाल

उन्होंने कहा, कांग्रेस और उसके सहयोगी भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाते हैं, लेकिन वे खुद कई राज्यों में दशकों से सत्ता से बाहर हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस चुनाव में हारने के बाद कभी ईवीएम तो कभी वोटर लिस्ट और चुनाव आयोग पर सवाल उठाती है। शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और उनके साथी

(शेष पृष्ठ ९ पर)



	125	NS 125	N160 S/SS	220	N250	NS 400
एक्स-शोरूम कीमत	₹93 533/-	₹1 01 651/-	₹1 20 390/-	₹1 41 807/-	₹1 46 633/-	₹1 86 015/-
कैश ऑफर	₹2 500/-	₹2 500/-	₹3 000/-	₹3 000/-	₹3 000/-	₹5 000/-
PF सेविंग्स + 5 फ्री सर्विसेस	₹3 500/-	₹3 700/-	₹4 500/-	₹4 700/-	₹4 900/-	₹7 000/-
कुल बचत	₹6 000/-	₹6 200/-	₹7 500/-	₹7 700/-	₹7 900/-	₹12 000/-

Flipkart | amazon.in पर भी उपलब्ध*

10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE

72198 21111

SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत केवल सीमित समय तक लागू. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैश ऑफ़र से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. लागू होने वाले ऑफर अलग-अलग मॉडल या क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग हो सकते हैं. बताई गई एक्स-शोरूम कीमतें संबंधित मॉडल के बेस वैरिएंट की हैं. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: • **Patna: Anishabad Bypass** MAURYA BAJAJ 6207926099, **Bhattacharya Road** MAURYA BAJAJ 6207925332 **Zero Mile** MAURYA BAJAJ 6207925369 **Patna City** MAURYA BAJAJ 6207925320 • **Boring Road** KALAHANU BAJAJ 7280038111/7280038222 • **Patna: Kankarbagh:** Magadh Bajaj 9153866305, 9153866302 • **Patna: Shaguna More:** Magadh Bajaj 9153866291, 9153866292 • **Arrah** MAA MALTI BAJAJ 9153985803, 9153985801 • **Gopalganj** SHREE MUNDRIKA BAJAJ 8789944167, 7763918602 • **Hajipur VAISHALI BAJAJ 7250438266, 7643880997** • **Biharsharif** SAI BAJAJ 7360016706,7360016708 • **Begusarai** SHRI VINAYAK BAJAJ 8051155555,7631155555 • **Siwan** MISSION BAJAJ 8877966665, 8405800996 • **Chhapra** SHIV BHAWANI BAJAJ 9102999363, 9102999355 • **Motihari Town** RAM BHAWAN RAM BAJAJ 9031029815, 9031678017, **Keshriya** RBR BAJAJ 9801911019, **Chakia** RBR BAJAJ 9031637562 • **Raxaul** RBR Bajaj 9031625631/32 , **Sugauli** RBR BAJAJ 9031625676 • **Jehanabad** KRISHVED BAJAJ 6205978004, 9708306845 • **Dalsinghsarai** ARANTYA BAJAJ 9031803841, 9031803845, **Gaya** SHAKTI BAJAJ 9431477467 • **Gaya** Gaya Bajaj 9229319694 • **Sasaram** ABHISHEK BAJAJ 7761026555 • **Mohania** ABHISHEK BAJAJ 9031047464 • **Aurangabad** ABHISHEK BAJAJ 9135139955, **Daudnagar** 6299925700 • **Nawada** SAARTHI BAJAJ 9471218168.